भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 86
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)

तिरुनेलवेली में ईएसआई अस्पताल का उन्नयन

***86. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) क्या सरकार की तिरुनेलवेली स्थित ईएसआई अस्पताल को 300 बिस्तरों की क्षमता वाला अस्पताल बनाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार की उक्त अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी और एमआरआई स्कैन मशीनें लगाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*

*****

“तिरुनेलवेली में ईएसआई अस्पताल का उन्नयन” के संबंध में श्री रॉबर्ट ब्रूस सी. द्वारा दिनांक 10.02.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 86 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ग): ईएसआई अस्पताल में बिस्तरों की संख्या में वृद्धि एक सतत प्रक्रिया है। नियमों के अनुसार, यदि पिछले तीन वित्तीय वर्षों में संबंधित अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या लगातार 70% से अधिक रही है, तो ईएसआई अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या में 50% की वृद्धि की जा सकती है। ईएसआईसी अस्पताल, तिरुनेलवेली इन मानदंडों को पूरा नहीं करता है। ईएसआईसी अस्पतालों में उपकरणों की स्थापना ईएसआईसी उपकरण मानदंडों और सुविधा की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार की जाती है। ईएसआईसी अस्पताल, तिरुनेलवेली से, आंकलित आवश्यकता के आधार पर, अत्याधुनिक सीटी और एमआरआई मशीनों की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****